# अध्याय – 8 | रचनाओं के साथ खेलना

## QUIZ-01

1. वृत्त बनाने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
   A. परकार
   B. चाँदा
   C. डिवाइडर
   D. सेट-स्क्वायर (A)

*व्याख्या:* परकार की नुकीली नोक को स्थिर रखकर पेंसिल वाली नोक घुमाने पर वृत्त बनता है।

2. वृत्त के केंद्र और वृत्त पर स्थित किसी बिंदु के बीच की दूरी क्या कहलाती है?
   A. व्यास
   B. त्रिज्या
   C. चाप
   D. विकर्ण (B)

*व्याख्या:* केंद्र से वृत्त पर स्थित किसी भी बिंदु तक की दूरी को वृत्त की त्रिज्या कहते हैं।

3. आयत की सम्मुख भुजाएँ कैसी होती हैं?
   A. असमान
   B. वक्र
   C. समान
   D. आधी (C)

*व्याख्या :* आयत में आमने-सामने स्थित दोनों जोड़ी सम्मुख भुजाएँ समान लंबाई की होती हैं।

4. आयत के प्रत्येक कोण की माप कितनी होती है?
   A. 45°
   B. 60°
   C. 90°
   D. 180° (C)

*व्याख्या :* आयत के चारों कोण समकोण होते हैं और प्रत्येक की माप 90° होती है।

5. वर्ग की भुजाओं के बारे में कौन-सा कथन सही है?
   A. केवल दो भुजाएँ समान होती हैं
   B. सभी भुजाएँ समान होती हैं
   C. कोई भुजा समान नहीं होती
   D. सम्मुख भुजाएँ आधी होती हैं (B)

*व्याख्या :* वर्ग की चारों भुजाओं की लंबाई समान होती है।

6. वर्ग को घुमाने पर वह क्या रहता है?
   A. आयत
   B. त्रिभुज
   C. वर्ग
   D. वृत्त (C)

*व्याख्या :* घुमाने से वर्ग की भुजाओं की लंबाई और कोणों की माप नहीं बदलती, इसलिए वह वर्ग ही रहता है।

7. आयत ABCD की सम्मुख भुजाओं का एक युग्म कौन-सा है?
   A. AB और BC
   B. BC और CD
   C. AB और CD
   D. CD और DA (C)

*व्याख्या :* AB और CD एक-दूसरे के सामने स्थित हैं, इसलिए वे सम्मुख भुजाएँ हैं।

8. आयत के सम्मुख शीर्षों को मिलाने वाला रेखाखंड क्या कहलाता है?
   A. त्रिज्या
   B. विकर्ण
   C. चाप
   D. लंब (B)

*व्याख्या :* आयत के आमने-सामने स्थित शीर्षों को जोड़ने वाले रेखाखंड उसके विकर्ण कहलाते हैं।

9. आयत PQRS के विकर्ण कौन-से हैं?
   A. PQ और RS
   B. PS और QR
   C. PR और QS
   D. PQ और QR (C)

*व्याख्या :* PR तथा QS आयत के सम्मुख शीर्षों को मिलाते हैं, इसलिए ये दोनों उसके विकर्ण हैं।

10. 6 सेमी भुजा वाले वर्ग की प्रत्येक भुजा की लंबाई कितनी होगी?
    A. 3 सेमी
    B. 6 सेमी
    C. 12 सेमी
    D. 24 सेमी (B)

*व्याख्या :* वर्ग की सभी भुजाएँ समान होती हैं। इसलिए एक भुजा 6 सेमी होने पर प्रत्येक भुजा 6 सेमी होगी।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App